# स्कूली बस से पहले भी हो चुकीं दर्दनाक घटनाएं

## आखिर तेज रफ्तारी पर क्यों नहीं लग रही रोक, पूरे गांव में छाया मातम

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के बघरा–ढिंढावली शाहपुर मार्ग पर हुई डाक्टर सहित तीन की मौत क्या तेज रफ्तार वाहन के कारण हुई। यह मार्ग सिंगल है जो ढिंढावली और शाहपुर मार्ग को जोड़ता है, लेकिन इस सिंगल मार्ग पर स्कूली बस की टक्कर से पिता, बेटी और पुत्र की दर्दनाक मौत के बाद पूरे गांव में मातम सा छाया हुआ है। इसी दुर्घटना में मृतक की पत्नी जो मेरठ अस्पताल में भर्ती है, वह भी जिन्दगी और मौत के बीच जूझ रही है। अब सवाल यह है कि आखिर तेज रफ्तार वाहनों पर रोक कब लगेगी। पिछली घटनाओं को दो. हराया जाये तो स्कूली बस की तेज रफ्तार के कारण कई बड़े–बडे दर्दनाक हादसे हो चुके है, जिनमें मासूम छात्र और कई लोगों की जान चली गई। यूं कहा जाये कि तेज रफ्तार वाहन स्कूली बच्चों के लिए ही नही, बल्कि आम लोगों के लिए भी काल का ग्रास बन गई। हालांकि हम स्पष्ट रूप से तो नही कह सकते, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि स्कूली बस की गति इतनी तेज थी कि टक्कर लगते ही डाक्टर और उसका पूरा परिवार दूर जाकर पड़ा और लहूलुहान हो गया जिसके बाद डाक्टर और उसके दोनों मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। स्कूली बस से हुई दर्दनाक घटना जनपद में पहली बार नही, जानसठ रोड,चरथावल क्षेत्र सहित कई स्थानों पर ऐसी घटना घट चुकी है, पिछली घटना के बाद आरटीओ कार्यालय से लेकर यातायात विभाग ने दुर्घटना बचाव अभियान चलाया और कुछ स्कूल संचालकों को भी कड़ी चेतावनी दी गई थी इतना ही नही स्कूली बस की फिटनेस और चालक का ड्राईविंग लाईसेंस सहित कई जांचे की गई, यहां तक कि स्कूली बस चालक के खिलाफ भी कार्यवाही अमल में लाई गई, लेकिन स्कूली बस की तेज रफतार कम होने का नाम नही ले रही है। यही वजह है कि आये दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पिछले दिनों चरथावल में इसी तरह के हादसे में एक परिवार के इकलौते मासूम छात्र की जान चली गई थी। बताया जाता है कि मृतक महिपाल उर्फ पापन पुत्र प्रकाश करीब 20 वर्ष से गांव में ही छोटा सा क्लीनिक चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था और उनका 5 वर्ष का बेटा अभि और 8 साल की बेटी राधिका पढाई करते थे। महिपाल का बडा बेटा घटना के समय स्कूल गया हुआ था। हादसे के बाद जनपद में वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया, लेकिन यह अभियान उस वक्त चला जब एक बडी घटना ने जन्म ले लिया। अब पुलिस कार्यवाही करे या स्कूल पर शिकंजा कसा जाये, लेकिन एक परिवार के तीन लोगों की जान तो चली ही गई और यह कहना भी गलत नही होगा कि तीनों लोग अब वापस नही आ सकते, फिलहाल डाक्टर और उसके बच्चों की मौत ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है। उधर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भी ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की बात कही है और पुलिस प्रशासन स्कूली बस की तेज गति पर भी कार्यवाही करने की बात कह रहा है।

# कार व कैंटर की भिड़ंत में एक की मौत, कई गंभीर

**शाहपुर।** थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा शोरम गेट–2 के पास उस समय हुआ जब भसाना गांव (बुढ़ाना) के बरातियों से भरी एक स्विफ्ट कार और शाहपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार आईसर कैंटर के बीच आमने–सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्विफ्ट कार में पांच से छह लोग सवार थे, जो भसाना गांव से एक बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी शोरम गेट–2 के पास पहुंची, सामने से आ रहे कैंटर से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में कार सवार तराबुद्दीन पुत्र मेहरदीन की मौके पर ही मौत हो



गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल शाहपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया और मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### विवाहिता ने खाया जहर, पुलिस ने दो को पकड़ा

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता ने किसी घरेलू मामले में अपने पति से लड झगड़कर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में महिला को हस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर महिला के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने जेठ व पति को हिरासत में ले लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जौला निवासी परवेज का बुधवार के दिन किसी बात को लेकर अपनी पत्नि से क्लेश हो गया था। बस इसी बात से क्षुब्ध होकर पत्नी ने मौका पाकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। जहां उसकी हालत बिगड़ने पर ससुरालियों ने उसे बुढ़ाना कस्बे के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर थी। उधर किसी ग्रामीण ने फोन पर घटना की सूचना विवाहिता के परिजनों को गांव हर्रा में दे दी तो वे मौके पर आए और अपनी बेटी की हालत देख बुढ़ाना पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवाहिता के पति परवेज और उसके बड़े भाई को हिरासत में ले लिया। विवाहिता के परिजन ससुरा. लियों पर ही उनकी पुत्री को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने का आरोप लगा रहे थे।

# नोएडा सड़क हादसे में बुढ़ाना के युवक की मौत

**बुढ़ाना।** नोएडा में बीती मंगलवार की दोपहर बाद हुए एक सडक हादसे में बुढाना कस्बे के एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में जबरदस्त को. हराम मच गया। मृतक तीन बहनों का इकलौता भाई था। किन्हीं कारणों से बुधवार के दिन आमिर का पोस्टमार्टम नही हो पाया था। संभवत आज बृहस्पतिवार की सायं आमिर को पोस्टमार्टम होने के बाद ही सुपुर्दे खाक किया जाएगा।

कस्बा निवासी आमिर फारुकी पुत्र मंसूर फारूखी बीती मंगलवार के दिन कस्बे में स्थित अपने घर से नोएडा काम पर जाने के लिए निकला था। वहां नोएडा की चांदपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में किसी स्थान पर अज्ञात वाहन के चालक ने बीते दिन आमिर फारुकी को रौंद डाला। जिससे उसकी मौत हो गई। इस हादसे की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची ने मौके पर जमा भीड़ से घटना के बारे में मालूमात की। पुलिस ने मृतक आमिर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी और मृतक के परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दी। रोते बिलखते परिजन नोएडा पहुंचे और लेकिन किन्हीं कारणों से आमिर का पोस्टमार्टम नही हो सक। मृतक अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था। इस ह्रदय विदारक घटना को लेकर जहां मृतक आमिर फारूखी के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है वहीं दूसरी और मौहल्ले में भी शोक व्याप्त है। गौरतलब है कि मृतक आमिर की बहन कहकशां फिल्म लाइन से जुड़ी हुई हैं।

### मोबाइल चोर दबोचा

**भोपा।** पुलिस ने मोबाईल चोर को गिरफ्तार कर चाकू सहित गिरप्तार करने का दावा किया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी अरशद अली ने पुलिस को दी गयी शिकायत में बताया कि बीते 11 मार्च की शाम करीब वह भोपा में स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवाई खरीदने गया था। इसी दौरान अज्ञात युवक ने पास खड़ होकर उसका ओप्पो का मोबाईल चोरी कर लिया। कुछ देर बाद जब पीड़ित ने ध्यान दिया तो उसका फोन गायब था पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और सीसीटीवी कैमरे की सहायता से रिजवान पुत्र अकमल निवासी तीस फुटा मार्ग कब्रिस्तान के पास किदवई नगर थाना खालापार को भोपा के निकट से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। जिसके कब्जे से दो मोबाइल, एक चाकू व 2000 रुपये बरामद किये गए।

## ‘अंतरा’ इंजेक्शन की शुरुआत, महिलाओं को मिला सुरक्षित परिवार नियोजन विकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली में बुधवार को परिवार नियोजन सेवाओं को सुखढ़ करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार ने ‘अंतरा’ इंजेक्शन (सबक्यूटेनियस) का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत दो महिलाओं को यह इंजेक्शन लगाकर की गई। डॉ. सतीश कुमार ने बताया कि ‘अंतरा’ इंजेक्शन महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी गर्भनिरोधक उपाय है, जिसे तय अंतराल पर दिया जाता है। इससे महिलाओं को अनचाहे गर्भधारण से बचने का एक आसान और भरोसेमंद विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, और यह नई सुविधा उसी दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

इस दौरान डॉ. बबीता सिंह ने भी महिलाओं को जागरूक करते हुए परिवार नियोजन अपनाने के फायदे बताए। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि वे बिना संकोच स्वास्थ्य केंद्र पर आकर सलाह लें और उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में फार्मासिस्ट शिवराज सिंह, स्टाफ नर्स पूजा शर्मा, शिवानी शर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर महिलाओं को ‘अंतरा’ इंजेक्शन के लाभों की जानकारी दी। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर जावेद ने बताया कि आने वाले समय में क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को इस सुविधा से जोड़ा जा सके और परिवार नियोजन के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से हासिल किया जा सके।

# ब्रेक फेल होने से बाला जी शोभायात्रा में बड़ा हादसा

**खतौली।** नगर में बुधवार को निकाली जा रही बाला जी शोभायात्रा के दौरान उस समय अफरातफरी मच गई, जब एक ट्रैक्टर–ट्रॉली के अचानक ब्रेक फेल हो गए।

अनियंत्रित हुआ ट्रैक्टर जीटी रोड स्थित एक फल की दुकान में जा घुसा, जिससे कई लोग उसकी चपेट में आकर घायल हो गए। हादसे में ट्रॉली पर झांकी में बैठे बच्चे भी गंभीर रूप से चोटिल हो गए।बताया गया कि शोभायात्रा बुढाना तिराहा स्थित जैन कीर्ति स्तंभ के पास पहुंची ही थी कि ट्रैक्टर के ब्रेक अचानक फेल हो गए। ट्रॉली में शिव–पार्वती आदि की झांकी में सजे बच्चे बैठे थे। अचानक झटका लगने से बच्चे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ट्रैक्टर फल की दुकान में घुस गया, जिससे दुकानदार का सामान सड़क पर बिखर गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में तनिष (12) पुत्र अचांद निवासी भूड़, हिमांशु (21) पुत्र अनिल निवासी लालकुर्ती मेरठ, विमल (33) पुत्र राजू निवासी भूड़ खतौली, मन्नत (10) पुत्री सौरभ निवासी संजय नगर मेरठ, शिल्पा (32) पत्नी चौतन वर्मा निवासी जय देवी नगर मेरठ और नेहा (24) पत्नी विक्की निवासी नगला भट्टू साकेत मेरठ शामिल हैं।हादसे के बाद शोभायात्रा में शामिल लोगों में काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए यातायात व्यवस्था को भी सुचारु कराया।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**खतौली।** बुधवार को कस्बे के घंटाघर क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार माँ–बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि ट्रक चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना के चलते जीटी रोड पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्रक ने पीछे से बाइक में जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि टक्कर के बाद भी ट्रक चालक ने वाहन नहीं रोका और बाइक को कुछ दूरी तक घसीटता चला गया। इस दौरान बाइक पर पीछे बैठी वृद्ध महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों ने तुरंत घायलों को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

# जनपद में स्कूल चलो अभियान का आगाज

## मंत्री कपिल देव ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वहलना स्थित कम्पोजिट विद्यालय से स्कूल चलो अभियान–2026 का आगाज प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निरवाल और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने छात्र–छात्राओं की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया और नियमित रूप से विद्यालय आने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

साथ ही, छात्र–छात्राओं को शैक्षिक किट वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया।जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि जनपद में घर–घर सर्वे अभियान चलाकर स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान की जाएगी। उनका पुन: नामांकन सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ईंट–भट्टों, मलिन बस्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।अभिभावकों को बताया गया कि सरकार बच्चों को नि:शुल्क यूनिफॉर्म, किताबें, स्कूल बैग, जूते–मोजे और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।जागरूकता रैली में बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर शिक्षा का संदेश दिया। ष्मम्मी–पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल



चलकर नाम लिखाओष जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इससे अभिभावकों में भी बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूकता बढ़ी।



**मुजफ्फरनगर:**उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करते मंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष।

# तीन सड़क हादसों में दंपति समेत 5 घायल

**बुढ़ाना।** तीन अलग अलग सड़क हादसों में एक दंपत्ति सहित 5 लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के मेरठ वाया करनाल हाईवे पर बुधवार की सुबह एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र घायल हो गए। ये हादसा गांव इटावा के पास हुआ। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। घायलों की पहचान अर्जुन व उनके पुत्र राहुल के रुप में हुई है। पिता पुत्र बाइक से कहीं जा रहे थे। जैसे ही वे गांव इटावा के पास पहुंचे पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। एक अन्य घटना में शामली जिले के गांव तमेला गढी निवास. ीगण संजीव कुमार पुत्र ओमबीर कश्यप अपनी पत्नि पिन्की को बाइक पर लेकर अपनी ससुराल गांव लपराना से अपने घर को लौट रहा था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाईवे पर बायवाला चौकी के पास आया तो उनकी बाईक की एक रेहड़े से अचानक से टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही उक्त दंपत्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गए। तीसरी घटना में अलीगढ़ निवासी नरेंद्र पुत्र भगवान हरियाणा के करनाल में मेहंदी बनाने का काम करता है। वे अपनी बुलेट से करनाल जा रहा था। जब वह फुगाना थाना क्षेत्र में आया तो अचानक से उसकी बुलेट फिसल गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। इस हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। तब पुलिस ने घायल नरेंद्र को तुरंत बुढ़ाना साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## कार्यक्रम में अव्यवस्था, बच्चे गर्मी से बेहाल,शिक्षिका की तबीयत बिगड़ी

**मुजफ्फरनगर।** स्कूल चलो अभियान 2026–27 के शुभारंभ कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं के कारण छोटे बच्चे भीषण गर्मी में परेशान दिखे। कार्यक्रम में लापरवाही के चलते मासूमों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम स्थल पर मंच पर बैठे अधिकारियों और अतिथियों के लिए कूलर और पंखों की उचित व्यवस्था की गई थी।स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही एक अध्यापिका की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत संभाला गया और प्राथमिक उपचार दिया गया, जिससे मौके पर अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे, लेकिन उनकी सुविधाओं को नजरअंदाज कर दिया गया। सरकार एक ओर शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चला रही है, वहीं ऐसे आयोजनों में बुनियादी व्यवस्थाओं की अनदेखी से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।इसके विपरीत, पंडाल में बैठे बच्चों के लिए गर्मी से बचाव का कोई इंतजाम नहीं था। कार्यक्रम स्थल पर मंच पर बैठे अधिका. रियों और अतिथियों के लिए कूलर और पंखों की उचित व्यवस्था की गई थी। इसके विपरीत, पंडाल में बैठे बच्चों के लिए गर्मी से बचाव का कोई इंतजाम नहीं था।तेज धूप और उमस भरे माहौल में बच्चे अपने हाथों, रूमालों और कागज के टुकड़ों से हवा कर खुद को राहत देने की कोशिश करते नजर आए।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

**खतौली।** नेशनल हाईवे स्थित एक होटल के पास बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक वृद्ध की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मंसूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में वृद्ध को तत्काल खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी प्रयासों के बावजूद मृतक की पहचान नहीं हो सकी।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, हादसे के बाद टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बता दे कि कई रोज से जनपद में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें अब तक आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।









# तौल के पैसे मांगने पर धर्मकांटा स्वामी के साथ जमकर की मारपीट

**चरथावल।** थाना क्षेत्र में धर्म कांटे पर तौल के पैसे मांगना तोल कर रहे व्यक्ति को भारी पड़ गया।ज़ब एक दबँग युवक अपने गन्ने की ट्रेक्टर ट्राली लेकर धर्म कांटे पर पहुंचा और अपनी ट्रेक्टर ट्राली तुलवाकर तुलाई के पैसे नहीं दिए बल्कि ज़ब धर्मकांटा स्वामी ने अपनी तुलाई के पैसे मांगे तो ट्रेक्टर ट्राली तुलवाने वाले दबँग व्यक्ति ने धर्मकांटा पर तोल कर रहे व्यक्ति के साथ जमकर मारपीट कर दी पीड़ित फुरकान निवासी दधेड़ु खुर्द ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की वह अपने धर्मकांटा पर तोल कर रहा था

आरोप है कि उवेश निवासी दधेडू कला अपने एक अज्ञात साथी के साथ लगभग साढ़े बारह बजे ट्रैक्टर ट्राली लेकर मौके पर पहुंचा और अपनी ट्रेक्टर ट्राली तुलवाई और उसके बाद जब प्राथह्म ने तोल के पैसे मांगे तो ट्राली तुलवाने वाला दबँग युवक उवेश आगबबूला हो गया और फुरकान के साथ अपनी ट्राली से गन्ने निकालकर जमकर पिटाई कर दी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें आरोपी मारपीट करते हुए साफ दिखाई दे रहे हैं। आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी और मौके से ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया।

पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है, लेकिन तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई करना गवारा नहीं समझा, जिससे क्षेत्र के लोगों में भारी रोष व्याप्त है वही पुलिस द्वारा पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही न करना चर्चा का विषय बना हुआ है और पीड़ित की जान को खतरा बना हुआ हैस और योगी राज मे भी दबँग किसकी शह पर आम जन के साथ मारपीट कर रहे है और उन्हें अपना रोब दिखा रहे है यह तो वह ही जान सकते है लेकिन आरोपियों पर अब तक भी कानूनी कार्यवाही न होना चर्चा का विषय बना हुआ है

## आपात स्थिति में कौन करेगा हमारी मदद : भार्गव

**बुढ़ाना।** सूबेदार मुकेश भार्गव ने बुधवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए देश की जनता से एक सवाल किया है कि रूस यूक्रेन युद्ध और अमे. रिका ईरान युद्ध से आपने क्या सीखा है। मेरी सैलरी, मेरा घर, मेरी कार, मेरा व्यवसाय, मेरा आम का बाग, मेरा खेत व मेरे रिश्ते और मेरा पशुधन ये सब मेरे हैं। केवल तब तक जब तक मेरा देश सुरक्षित और मजबूत है अन्यथा सब कुछ धुएं की तरह उड़कर खत्म होने में देर नहीं लगेगी। आज रूस और यूक्रेन के युद्ध में 20 लाख से भी अधिक यूक्रेनी लोग अपना सब कुछ छोड़कर दूसरे देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। वह भाग्यशाली ही हैं कि उनके पास पड़ोसी देश हैं जो उन्हें शरण दे रहे हैं लेकिन हमारे बारे में क्या? हम भारतीय कहां जा सकते हैं? पश्चिम में पाकिस्तान, पूर्व में बांग्लादेश, दक्षिण में हिंद महासागर और उत्तर में चीन और फिर देश के अंदर गद्दारों की कमी नही है। इसलिए आज मेरी यह बात याद रखिए कि हमें शरण देने के लिए कोई दूसरा देश नहीं है। इसिलिए सस्ती राजनीति और मुफ्त की चीजों से ऊपर उठकर एक मजबूत राष्ट्र को प्राथमिकता दीजिए। सरकार के साथ खड़े रहिए। देशद्रोहियों के साथ खड़े रहना अपने सर्वनाश को ही आमंत्रित करना है।

# बैठक में मंत्री कपिल का स्मार्ट सिटी निर्माण पर फोकस

**मुज़फ्फरनगर।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक में जिला. धिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुखद्रीकरण एवं जनसुविधाओं के विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन समीक्षा एवं विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से रामपुरी क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही जलनिकासी समस्या के स्थायी समाधान हेतु ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशानुसार मुज़फ्फरनगर को आधु. निक सुविधाओं से युक्त स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए शहर में बेहतर सड़क, स्वच्छता, जलनिकासी, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य स्मार्ट सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने आगे कहा कि रामपुरी की जलनिकासी समस्या का स्थायी समाधान, शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार, सड़कों का सुखद्रीकरण एवं स्मार्ट सुविधाओं का विस्तार इन सभी कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा आमजन से प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हो।

## बालाजी शोभायात्रा की तैयारी की समीक्षा

**मुजफ्फरनगर।** आज होने वाली बालाजी शोभायात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं पूरी मुस्तैदी एवं समन्वय के साथ सुनिश्चित की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंत्री ने कहा कि मुज़फ्फरनगर को एक विकसित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शहर के रूप में स्थापित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर धरातल पर उतारें।

## मंत्री ने पीड़िता की फरियाद पर दिए मुकदमे का निर्देश

**मुज़फ्फरनगर।** राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल अधिकारियों के साथ गेस्ट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। इसी दौरान पचैंडा रोड क्षेत्र से आई एक पीड़ित युवती ने पहुंचकर अपनी आपबीती मंत्री जी के समक्ष रखी। पीड़िता ने बताया कि उसके पति द्वारा उसके साथ लगातार मारपीट और उत्पीड़न किया जा रहा है, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता की गंभीर शिकायत को सुनते ही मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। मंत्री ने इंस्पेक्टर नई मंडी बृजेश शर्मा एवं चौकी इंचार्ज टीपी नगर संदीप कुमार को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पीड़िता की शिकायत पर तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए तथा निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़िता को हर संभव सुरक्षा और न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।?

## दस्तारबंदी समारोह बना सशक्तिकरण का प्रतीक

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के चिरागिया मदरसे के पास स्थित चिल्ड्रन हैप्पी होम इंटर कॉलेज (हिंदी एवं इंग्लिश मीडियम) में पगड़ी दस्तारबंदी का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए जिले का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में डॉक्टर इसरार सैफी की पुत्री नरगिस परवीन सहित कुल 16 छात्राओं ने मोलवियत की पढ़ाई पूरी की। इस मौके पर धार्मिक विद्वानों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हज़रत शाह बिल्ला ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य, सलामती और कामयाबी के लिए विशेष दुआ कराई।

## बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन आयोजित

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के चांदनी वाले मंदिर में चल रहे सात दिवसीय दुर्गा मेले में बुधवार की देर रात बाबा खाटू श्याम का भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान दूर दराज से आए भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु देर रात तक भजनों पर झूमते रहे और पूरा पंडाल श्याम नाम की गूंज से गूंज उठा। संकीर्तन कार्यक्रम में अमरोहा की भजन गायिका रिया और लुधियाना के गायक संजू भारती ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा जैसे भजनों पर श्रद्धाल झूम उठे। इस दौरान महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखा गया जिससे पूरा आयोजन स्थल भक्ति और उल्लास से भर गया। दुर्गा मेला कमेटी के सदस्य और बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के सभासद अजय संगल ने बतलाया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी चांदनी वाले मंदिर पर दुर्गा माता का भव्य मेला आयोजित किया जा रहा है। 7 दिवसीय इस मेले में लगातार धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं। जिनमें स्थानीय और बाहरी कलाकार भाग ले रहे हैं। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का समाना ना करना पड़े। जेबकतरों और मजनू पर पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

# कॉलेज गई छात्रा हुई लापता ,अपहरण की आशंका

**भोपा।** क्षेत्र के गांव निवासी नाबा. लिग छात्रा के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने तहरीर देकर अपहरण व अनहोनी की आशंका जताते हुए बरामदगी की गुहार लगाई है।

पुलिस ने अरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़िता की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री कक्षा 9 की छात्रा है,बीते सोमवार की सुबह रोजाना की तरह स्कूल जाने के लिए वह घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों का आरोप है कि थाना क्षेत्र के गांव महाराज नगर नयागांव निवासी एक युवक साजन व उसके नाम के ही साजन निवासी बेहड़ा थ्रू को उनकी पुत्री के साथ बाइक पर जाते हुए देखा गया था।आरोपी छात्रा को बहका कर उसका अपहरण कर कहीं ले गये।पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर बेटी की बरामदगी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने साजन पुत्र होशराम निवासी महाराज नगर साजन पुत्र मान सिंह निवासी बेहड़ा थ्रू के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर छात्रा की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिये है।

# मदरलैंड पब्लिक स्कूल में हुआ 11वां वार्षिकोत्सव

**पुरकाजी ।** लक्सर रोड स्थित अल्लाह दिया कॉलोनी में संचालित मदरल्यैंड पब्लिक स्कूल का 11वां वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा के रिपोर्ट कार्ड भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर फारूकी एडवोकेट द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद इस्तखार एवं प्रधानाचार्य धर्मेश कुमार यादव द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।सम्मानित विद्यार्थियों में कक्षा 5 की काव्या, कक्षा 4 की आरोही, कक्षा



2 के नैतिक, कक्षा 1 की आयशा, ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा 3 हुमैरा और रूद्र, नूर फातिमा ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद इस्तखार ने बच्चों को पूरी लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करने को कहा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेश कुमार यादव, उप-प्रधानाचार्य प्रियंका त्यागी, शिक्षिकाएं मोनिका, सोनिया, उर्वशी, शिवानी, रेशमा सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## विधायक पंकज मलिक को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल से विधायक पंकज मलिक पत्रकार कार्यालय पहुंचे। यहां सरताज अहमद एवं उनकी पूरी टीम ने विधायक का भव्य स्वागत करते हुए शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह (शील्ड) भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान विधायक पंकज मलिक ने खुले मंच से कहा कि महासभा द्वारा पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई जिस मजबूती और ईमानदारी से लड़ी जा रही है, उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारों की भूमिका बेहद अहम होती है और उन्हें हमेशा निष्पक्ष, निर्भीक और सच्चाई के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए, ताकि समाज को सही दिशा और सटीक जानकारी मिलती रहे इस अवसर पर सरताज अहमद ने विधायक पंकज मलिक को ईद की मिठाई देकर शुभकामनाएं दीं और संगठन की ओर से उनका आभार व्यक्त किया दोनों के बीच पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई, जो काफी देर तक चली कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारी और सदस्यों की मौजूदगी ने इसे एक बड़े आयोजन का रूप दे दिया। संगठन की ओर से कई साथियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे पूरे माहौल में उत्साह और गौरव का भाव देखने को मिला प्रमुख रूप से उपस्थित रहेठाकुर सुंदर सिंह सोम, शिव खान, काजी काशिफ तलत, नितिन शर्मा, मुशर्रफ सिद्दीकी, मोहम्मद असलम, सफीक राजपूत, सचिन त्यागी, राजीव शर्मा, शाहनवाज, डॉ अंकुर प्रकाश मानव, बीके नहारिया, डॉ रविन्द्र सिंह जादौन सहित मौजूद रहे।

# भोकरहेड़ी में निकाली शोभायात्रा

मोरना। हनुमान जयन्ती के अवसर पर कस्बा भोकरहेडी में श्री बालाजी सेवा समिति शिव शक्ति मंदिर के तत्वाधान में श्री बालाजी महोत्सव का आयोजन पूर्व की भांति किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा बैंड बाजों व डीजे के साथ निकाली गयी, जिसमें सुन्दर झांकियों का प्रदर्शन किया गया तथा शोभायात्रा द्वारा पूरे कस्बे की परिक्रमा की गई। शोभायात्रा का नगर में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कस्बा भोकरहेड़ी में प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली श्री बालाजी शोभायात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल द्वारा फीता काटकर किया गया। वहीं गौड़ीय मठ के महंत त्रिदण्डी स्वामी भक्ति भूषण द्वारा विशेष पूजा कर हनुमान की मूर्ति को विराजमान किया गया। शोभायात्रा में अनेक सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा मौहल्ला बाजार स्थित सेठों वाले मन्दिर से आरम्भ होकर कस्बे के मौहल्ला लोकुपुरा दक्षिणी, लोकुपुरा उत्तरी, बेहड़ापटी, लक्सर मार्ग, नेहरू चौक, सुभाष चौक, बस स्टैण्ड,नई बस्ती, कुआंपटी के मुख्य मार्गो से निकाली जा रही है। जय जय श्रीराम के जयकारों के बीच बडी संख्या में



नागरिकों ने शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया व सेवकों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छ व पानी छिड़कर मार्गो को ठंडा किया।शोभायात्रा में सुंदर झांकियों के साथ बैंड बाजा, ढोल नगाडे व डीजे शामिल रहे। सुन्दर भजनों पर भक्तों ने भावविभोर होकर जमकर नृत्य किया। हनुमान जी भक्ति में कस्बे का वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में सुन्दर परिधानों में सजे भक्तगणों ने बजरंग बलि की जयजयकार किया।इस अवसर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन राजेश सहरावत, बीके प्रवेश दीदी, चेयरमैन प्रतिनिधि सचिन कुमार,मण्डल अध्यक्ष अरुणपाल, लाला मुन्नालाल गर्ग, जिला संयोजक रामकुमार शर्मा, रामबीर सिंह,पुजारी मनोज कुमार, सन्दीप सहरावत, अर्जुन सहरावत,विनीत गोयल, डॉ. अनिल कुमार, रमेन्द्र शर्मा, पुनीत खोकर, विपुल, रवि आर्य, मनोज सहरावत, प्रशांत, सानुज,हरेन्द्र सिंह, इन्द्रपाल सिंह, सुधीर कुमार,अनुज कुमार छोटा भाई, गौरव गर्ग, सोनू गर्ग आदि उपस्थित रहे तथा सुरक्षा को लेकर शुक्रताल चौकी प्रभारी विवेक चौधरी ,उपनिरीक्षक रणवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## दहेज में 5 लाख व कार मांगने का आरोप

**बुढ़ाना।** एक विवाहिता ने ससुरा. लियों पर पांच लाख रूपये की नकदी व कार मांगने का आरोप लगाया। आरोप यही खत्म नही हुआ। पीडिता ने पति पर तलाक देने व ससुर पर भी अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया ।

जोगियाखेडी की विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसके पहले पति से तलाक हो गई थी और 2003 में उसकी मुलाकात लुकमान पुत्र इसराईल निवासी ग्राम जौला से हुई। लुकमान दिल्ली में प्लम्बर है। लुकमान से 12 जनवरी 2024 में गाजियाबाद में कोर्ट मैरिज कर उससे शादी कर ली। शादी बाद लुकमान ने उसे व उसकी बच्ची की जिम्मेदारी का पूरा आश्वा. सन दिया। शादी के बाद ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज व पांच लाख और कार की मांग करने लगे। पीडिता ने मारपीट के आरोप के साथ ससुर भी गंभीर लगाये है।बीते वर्ष ईद पर उसका पति उसे अपनी गलती मानकर पुत्री समेत वापिस ससुराल ले आया। त्यौहार बाद बीते वर्ष 2 अप्रैल को उसके ससुरालिए उससे फिर अतिरिक्त दहेज की मांगने लगे। उसने मना कर दिया तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया पति से उसे तलाक दिलवा दिया।

# स्कूल चलो रैली निकाली

**बुढ़ाना।** गांव हुसैनपुर कला में स्कूल चलो अभियान के तहत एक विशाल जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों का विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना था। यह रैली बुधवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के हुसैनपुर कलां गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय नंबर एक में निकाली गई। खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव के नेतृत्व में विद्यालय के समस्त स्टाफ और बच्चों ने इसमें भाग लिया। रैली के दौरान ग्राम प्रधान सरवर खान और स्थानीय ग्रामीणों का भी सहयोग देखने को मिला। ग्रामीणों को अपने बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें सरकार द्वारा स्कूलों में दी जा रही विभिन्न सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। रैली से पहले विद्यालय स्टाफ ने सभी बच्चों का रोली लगाकर स्वागत किया और विद्यालय को गुब्बारों से सजाया गया था।

# चेयरमैन ने बचाई घायल तेंदुए की जान

**स्योहारा।** नगर में इंसानियत और संवेदनशीलता की एक अनोखी मिसाल उस समय देखने को मिली, जब पालिका चेयरमैन फैसल वारसी ने सड़क दुर्घटना में घायल पड़े तेंदुए की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। चेयरमैन के इस मानवीय कार्य की सराहना की जा रही है। प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी अपने साथियों के साथ क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक घायल तेंदुआ तड़पता हुआ दिखाई दिया। जिसे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगी होने की आशंका जताई जा रही है। तेंदुआ गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा था। स्थिति को गंभीर देखते हुए फैसल वारसी ने तुरंत वाहन रुकवाया और साथियों की मदद से वन्यजीव को सुरक्षित स्थान पर कराया। उन्होंने घायल तेंदुए को पानी पिलाया तथा उसे किसी प्रकार की और क्षति न पहुंचे इसके लिए आसपास लोगों को दूर रहने की अपील की। इसके बाद बिना देर किए वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और घायल तेंदुए को उपचार के लिए सुरक्षित रूप से ले जाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते मदद न मिलती, तो वन्यजीव की जान को खतरा हो सकता था। यह संदेश दिया कि सच्ची मानवता केवल इंसानों तक सीमित नहीं बल्कि हर जीव के प्रति संवेदना रखना ही असली इंसानियत है। घटना के बाद नगर क्षेत्र में चेयरमैन फैसल वारसी के इस सराहनीय कार्य की चर्चा बनी हुई है।


**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नाजिम व उसकी पत्नी श्रीमती रेशमा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैने इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेन देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**बाबू पुत्र इकबाल**
**निवासी- सुजडू, थाना खालापार**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं रोजूदीन पुत्र बशीर निवासी मौहल्ला नई बस्ती बुढ़ाना, थाना बुढ़ाना, जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरी 20 वर्षीया पुत्री साहिबा जिसने घर से जाकर अपनी इच्छा से साविद पुत्र नौशाद निवासी बुढ़ाना के साथ शादी कर ली। उसने मेरी इज्जत खराब की है। जिस कारण वह अपनी पुत्री साहिबा को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने परिवार सहित सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। अब भविष्य में साहिबा अपने द्वारा किये गये किसी भी वैध यि अवैध कार्यो के लिये स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरी या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की जवाबदेही भविष्य मे उसके प्रति नहीं होगी।


## भंडारे का किया आयोजन

**मोरना।** दरियाबाद वन कुटी में जारी अखंड खड़ी तपस्या का बुधवार को समापन हो गया।इस अवसर पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मोरना क्षेत्र के गांव दरियाबाद स्थित वनकुटी के महंत सन्दीप भगत महाराज ने बताया कि विश्व मे जारी अशान्ति को दूर करने। शान्ति स्थापित करने, मानवता, धर्म संस्कृति को बल प्रदान करने भारत वर्ष में सुख सम्रद्धि को लेकर पूर्व वर्षो की भांति आठवी 14 दिवसीय अखण्ड तपस्या का आयोजन नवरात्र के अवसर पर किया गया। जंगल मे स्थित सरकंडो से बनी कुटिया में सिद्धि मंत्रोच्चार कर प्रभु का ध्यान लगाया गया।समापन पर हवन यज्ञ में आहुति प्रदान की गयी।तथा सिद्धि प्राप्त सन्दीप भगत महाराज को श्रद्धालुओ द्वारा नमन किया गया।आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह सिकंदरपुर ,चौधरी ब्रजवीर सिंह, कल्लू ठाकुर,नीटू, सचिन, सौरभ, मुखिया सिंह,राजपाल सिंह, रोहित, अमित, मोंटी, मुंशीराम ,मनीष, नेपाल, विपिन आदि मौजूद रहे।

# परिवार नियोजन को अंतरा सबक्यूटेनियस इंजेक्शन कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन सेवाओं को सुखढ़ बनाने की दिशा में आज हअंतरा सबक्यूटेनियस इंजेक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर एक साथ सेवाएं प्रारंभ की गई हैं, जिससे अधिक से अधिक महिलाओं को सुरक्षित एवं प्रभावी गर्भनिरोधक विकल्प उपलब्ध कराया जा सके।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला महिला चिकित्सालय, में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, डॉ. आभा शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिक. ारियों एवं चिकित्सकों को कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि हअंतरा सबक्यूटेनियस इंजेक्शनह्न एक सुरक्षित, सरल एवं प्रभावी परिवार नियोजन विधि है, जो महिलाओं को 3 माह तक गर्भधारण से सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक गर्भनिरोधक सेवाओं के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें नि:शुल्क सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया कि यह इंजेक्शन त्वचा के नीचे लगाया जाता है, जिससे इसका उपयोग आसान एवं कम कष्टदायक होता है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की गई है, ताकि महिलाओं को बेहतर और सुरक्षित सेवाएं प्रदान की जा सकें। जनपद के सभी साम. ुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इस कार्यक्रम की शुरुआत के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर हअंतरा सबक्यूटेनियस इंजेक्शर्नी के संबंध में जानकारी प्राप्त करें और परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाएं। यह पहल निश्चित रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रयासों को नई दिशा प्रदान करेगी।

## बिना झूके संबंधों का निर्वहन नहीं हो सकता : अवस्थी

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित हनुमद्धाम में श्री हनुमान जयंती महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को श्री हनुमत चरित्र चिंतन कथा के समापन पर कथा व्यास आचार्य मनोज अवस्थी महाराज ने कहा कि शादी के कुछ महिनों बाद ही रिश्ते टूट रहे है दोनों में इगो रहती है जबकि बिना झूके संबंधों का निर्वहन नही हो सकता है। अकड खत्म करनी होगी, अकडता तो केवल मुर्दा है। परिवार के लोगों ने एक साथ बैठना छोड दिया है हर समय मोबाइल में लगे रहते है। समस्या सुनने वाला कोई नजर नही आता है और परिणाम भयंकर हो रहे है। माता-पिता धन कमाने के लिए औलाद को विदेश में भेज रहे है और खुद वृद्धाआश्रम में रहते है। मृत्यु के समय अंतिम दर्शन भी नही होते है। ऐसे धन का क्या फायदा है। बच्चों को संस्कारित शिक्षा दिलानी होगी तो गुरूकुल को बढावा देना होगा। बच्चों को रामायण, गीता, भागवत का ज्ञान देना होगा।

# मंत्री ने की आरती व पुस्तक का विमोचन

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित हनुमद्धाम में जारी हनुमंत जयंती महोत्सव के दौरान राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आरती एवं स्तुति संग्रह नामक पुस्तक का विमोचन साधु सन्तो की उपस्थिति में किया।जिसके उपरांत श्रद्धालुओं को पुस्तक का नि:शुल्क वितरण किया गया। प्रसिद्ध हनुमद्धाम आश्रम में बुधवार को हनुमद्धाम के महामंडलेश्वर स्वामी केशवानंद सरस्वती



महाराज के पावन सानिध्य में राज्य मन्त्री स्वतंत्र प्रभार कपिलदेव अग्रवाल ने आरती एवं स्तुति संग्रह नामक पुस्तक का विमोचन किया।। सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है ऐसे पावन स्थल के समग्र विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा श्री शुकतीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है।तीर्थ नगरी के ऐतिहासिक महत्व में हनुमद्धाम का विशेष योगदान है। स्वामी विज्ञानन्द महाराज ने कहा कि पुस्तक के माध्यम से श्रीराम स्तुति, भगवान शिव वन्दना, श्री दुर्गा स्तुति, लक्ष्मी वन्दना, श्री गणेश चालीसा, लक्ष्मी चालीसा, शिव चालीसा, हनुमान चालीसा, सुंदर कांड सहित 73 स्तुति का वर्णन व शुकतीर्थ परिचय वर्णन आदि सम्मिलित है।इस अवसर पर मुख्य रूप विनय स्वरूपानन्द महाराज, महामंडलेश्वर ब्रह्म स्वरूपानन्द महाराज, महामंडले?वर स्वामी गोपालदास महाराज, पण्डित सीताराम शास्त्री, स्वामी सर्वेशप्रपन्नाचार्य महाराज, स्वामी जगदानन्द,ब्रह्म प्रकाश मिश्र, स्वामी गंभेवर महाराज,मनोहरलाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: 04/सा0प्र0/2026-27    दिनांक 01.04.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत सिविल लाईन थाने से गांधी कॉलोनी फ्लाई ओवर पर एल0ई0डी0 तिरंगा रोप लाईट लगाने के कार्य कराये जाने हेतु निविदाए दिनांक-08.04.2026 की अपराहन 03:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है इस कार्य को अनुभवी ठेकेदार / फर्म निविदा के साथ व्ययानुमान की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, जमा कराया जाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र एक दिन पूर्व प्रात: 10:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग से क्रय किये जा सकते है। अन्य विवरण एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद, मुज़फ्फरनगर के मार्ग प्रकाश विभाग से ज्ञात की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 08.04.2026 की सांय 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में सांय 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदया में निहित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान धनराशि (जी०एस०टी० अतिरिक्त) | 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि (जी.एस.टी.सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल लाईन थाने से गांधी कॉलोनी फ्लाई ओवर पर एल.ई.डी.तिरंगा रोप लाईट लगाने का कार्य। | 1,70,100/-रू | 17,010/-रू | 177/-रू | 15 दिवस |

मार्ग प्रकाश प्रभारी    अधिशासी अधिकारी    अध्यक्ष

# मुजफ्फरनगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अप्रैल माह में संचा. लित होने वाले हसंचारी रोग नियंत्रण अभियान का आज विधिवत शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनजागरूकता हेतु रिक्शा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूक करेगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने बताया कि यह अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक पूरे जनपद में चलाया जाएगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर सर्वेक्षण, साफ-सफाई, जलभराव की रोकथाम, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस एवं अन्य संचारी रोगों से बचाव के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए लोगों को अपने घरों एवं आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, पानी जमा न होने देने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रांत तेवतिया, जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह एवं डॉ. शमशेर आलम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अपील की गई है कि सभी नागरिक संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं और अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इन रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें, जिससे जनपद को संचारी रोगों से मुक्त बनाया जा सके।

## मां गोकुलादेवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मांगी मन्नत

**शाहपुर।** चौत्र मास की चतुर्दशी पर आज सिद्धपीठ मां गोकुलादेवी मंदिर में नगर व देहात क्षेत्र के हजारों लोगों ने हलवा पुरी का प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगी। इस दौरान वरिष्ठ प्रमुख समाजसेवी एवं भाजपा नेता उमेश मित्तल द्वारा मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। कस्बे के मोहल्ला गोकुलपुर में सिद्धपीठ मां गोकुलादेवी का मंदिर है मंदिर की मान्यता है कि सच्चे मन से जो लोग यहां पर अपनी मन्नत मांगते हैं। वह अवश्य पूरी होती है मंदिर में हलवा पुरी व नारियल का प्रसाद चढ़ाया जाता है। समाजसेवी उमेश मित्तल ने सपत्नीक अलका मित्तल माँ गो. कुलादेवी को भंडारे का भोग लगाया और विशेष पूजा अर्चना की। भंडारे मे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गोकुलादेवी मंदिर समिति से प्रबंधक अजय बंसल ओर एडवोकेट संदीप बंसल, मंदिर कोषाध्यक्ष सुरेंद्र जिंदल, महंत श्याम सुंदर शर्मा और मंदिर वालंटियर शिवा पाल, देव गोयल, अर्जुन सैनी ने इस बार मंदिर को भव्यता प्रदान की और इस बार मां गोकुलादेवी के मंदिर को फूलों एवं अन्य बंदरवाल व बिजली की झालरों से विशेष प्रकार सजाया गया। तथा मंदिर की व्यवस्था को भी सुंदर तरीके से किया गया। भंडारे की व्यवस्था बनाने में वरिष्ठ भाजपा नेता नवदीप मित्तल, समाजसेवी अंकित मित्तल, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, शुभम मित्तल, हनु मित्तल, दिव्यांश नामदेव, दर्शित मित्तल, मोहक अग्रवाल, नोनू सिंघल, प्रिंस बंसल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर नामित सभासद कपिल सैनी, समाजसेवी मनोज सिंघल, प्रमोद गर्ग, शुभम पाल, अंकित सैनी, मुकुंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शाकंभरी देवी जा रहा श्रद्धालुओं का डीसीएम पलटा

## गांव संसारपुर के आगे स्थित बिजलीघर के सामने हादसा, महिलाओं व बच्चों सहित दर्जनभर लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट/साढौली कदीम।** बेहट सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं से भरा डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को बेहट सीएचसी भिजवाया जहां, कुछ घायलों को हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।।





दरअसल, मूल रूप से जिला बिजनौर के गांव झालू निवासी उमेश कुमार पुत्र मुसद्दी पिछले कई वर्षों से पुष्पांजलि विहार, चकहरेटी में रहते है और ट्रक ड्राइवर है। बुधवार की सुबह वह अपनी पत्नी, बेटे, बहू तथा अन्य पड़ोसियों और रिश्तेदारों को अपने डीसीएम में बैठाकर सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी दर्शनों के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि उमेश ने गाड़ी चलाते समय ड्राइवर सीट पर अपने पास 3-4 वर्षीय एक बच्चा बैठा रखा था। जैसे ही उनका डीसीएम कोतवाली बेहट इलाके के गांव संसारपुर से आगे स्थित बिजलीघर के पास पहुंचा तो बच्चे ने अचानक स्टेयरिंग घुमा दिया, जिसके बाद डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गाहे में पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। अन्य राहगीरों ने हादसे की सूचना कोतवाली बेहट पुलिस को दी तो इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार दिखित टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस 102 व 108 तथा डायल 112 की मदद से हादसे में उमेश पुत्र मुसद्दी, उनकी पत्नी राज्जो, बेटा सुमित, बहु प्रीति, डेढ़ वर्षीय पौता अक्षित के अलावा सोनम पत्नी सुशील, बेटी 7 वर्षीय काव्या, बेटा 4 वर्षीय कृष्णा, गुड़िया पत्नी रामगोपाल, वर्षा पत्नी सिंटू, 10 वर्षीय आरव पुत्र मनीष, 50 वर्षीय नीलम पुत्र धीरेन्द्र, शालू पत्नी पदम् आदि को बेहट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बाजारों में निकाली भव्य शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक नगर में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा नगर के प्रमुख बाजारों से भव्य रथयात्रा निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजों, आकर्षक झांकियों और धार्मिक उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद रथयात्रा प्रारंभ हुई जिसमें सुसज्जित झांकियां और ऐरावत हाथी विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भजन मंडलियों और बैंड की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भगवान महावीर का गुणगान करते हुए चल रहे थे। रथयात्रा के अंत में भगवान महावीर का स्वर्ण रथ निकाला गया जिसके आगे श्रद्धालु नंगे पांव चलते हुए भक्ति भाव से नीरथ कर रहे थे। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: जैन मंदिर पहुंची, जहां इंद्र द्वारा भगवान का जलाभिषेक किया गया और जयकारों से वातावरण गूंज उठा। रथ यात्रा में सोधर्म इंद्र की बोली अनुज जैन, सारथी की बोली अभिषेक जैन, कुबेर की बोली संयम जैन, दाएं चंवर की बोली राजकुमार जैन तथा बाएं चंवर की बोली कार्तिक जैन द्वारा ली गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, राकेश सिंघल और सनी बंसल का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रीतम प्रसाद जैन, पुनीत जैन और दिव्यांशु जैन द्वारा आयोजित वात्सल्य भोज में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। रथयात्रा के सफल आयोजन में संपूर्ण जैन समाज का सराहनीय सहयोग रहा।

## मकान में चोरी

**गंगोह।** मकान मालिक की गैर मौजुदगी में अज्ञात चोर घर में घुसकर कमरे व अलमारी का ताला तोडकर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात व नगदी चुरा ले गय।

मौहल्ला गुजरान निवासी शारिक राव पुत्र खुर्शीद राव द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि 29 मार्च को वह परिवार के साथ नानीता शादी में गया था। पहली अप्रेल को लौटने पर उसने देखा कि मेन गेट का दरवाजा सही अवस्था में बंद था। मगर घर के अन्दर सामान खुर्द-बुर्द पड़ा हुआ था। कमरे का दरवाजा व जीने के दरवाजा व घर में रखी अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था और 02 तौला सोने व 1 किलो चांदी के जेवरात और 17000 रुपये की नकदी गायब थी। पीडित ने तहरीर देकरघर से चोरी हुए उक्त सामान की रिपोर्ट दर्जकर बरामदगी और आवश्यक कानूनी कार्यवाही की मांग की।

# कांग्रेस में ही महिलाओं का सम्मान: श्वेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज व राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

मौहल्ला कायस्थान स्थित श्रीमती पूजा सैनी के आवास पर महिला कांग्रेस का सदस्यता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें समाज व राजनीति में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। आज की महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और कांग्रेस पार्टी उनके अधिकारों और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। हम सभी मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

श्रीमती सीता भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है।कांग्रेस ने हमेशा देश और देशवासियों के हित के लिए कार्य किया है।कांग्रेस ने शुरू से ही महिलाओं को भरपूर सम्मान और उनके अधिकार दिए हैं।उन्होंने कहा कि महिलाओं को अधिक से अधिक कांग्रेस के साथ जुड़ना चाहिए।

इस दौरान राखी, तृप्ति, रुखसार, निशात आदि मौजूद रहीं।

# चौकी बड़कला में नशा तस्कर बेलगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के अंतर्गत आने वाली चौकी बडकला क्षेत्र में नशा तस्करों का आतंक बरकरार है क्षेत्र के नशा तस्कर खुलेआम घूम रहे हैं और युवाओं को आसानी से नशीले पदार्थ उपलब्ध करा रहे हैं ग्रामीणों और प्रभावित परिवारों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज इस गंभीर समस्या पर पूरी तरह से गहरी मुद्रा में हैं अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने और बार-बार लिखित मौखिक शिकायतें करने के बावजूद नशा तस्करी पर कोई प्रभावी लगाम नहीं लगाई जा रही है।



विगत दिन ही एक युवक की सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुई जिसमें एक स्थानीय संगठन द्वारा उसे पकड़ा गया वीडियो में युवक के पास से नशीला पदार्थ बरामद होने की जानकारी सामने आई। साथ ही उस युवक ने क्षेत्र में सक्रिय आधा दर्जन से अधिक नशा तस्करों के नाम भी स्पष्ट रूप से लिए जिनके बारे में ग्रामीण लंबे समय से शिकायत करते आ रहे थे इस वीडियो ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और लोगों में आक्रोश बढ़ा दिया है। नशा तस्करी की इस बेलगाम गतिविधि का सबसे घातक प्रभाव क्षेत्र के युवाओं पर पड़ रहा है पढ़ाई-लिखाई छोड़कर नशे की लत में फंसते युवा अपने उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में बदल रहे हैं। नशे की लत पूरी करने के लिए वे छोटी मोटी चोरी लूटपाट जैसी वारदातों से भी नहीं हिचकिचाते कई परिवार पूरी तरह बर्बाद हो चुके हैं माता-पिता अपने बच्चों को नशे की गिरफ्त से निकालने के लिए बार बार चौकी पहुंचते हैं लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि चौकी बडकला क्षेत्र में नशा तस्कर बेखौफ होकर अपना कारोबार चला रहे हैं वे युवाओं को न केवल नशीले पदार्थ मुहैया कराते हैं बल्कि लत लगने के बाद उनसे पैसे भी वसूलते हैं। क्षेत्र के निवासियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एसएसपी सहारनपुर और जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है उन्होंने कहा कि चौकी बडकला क्षेत्र में तुरंत बड़े स्तर पर छापेमारी अभियान चलाया जाए नाम लिए गए सभी तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और चोकी इंचार्ज की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

# विकास कार्यों का सामूहिक लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर के सरसावा रोड स्थित देवऋषि कॉलेज एवं हॉस्पिटल परिसर में विकास महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुभाष चौधरी द्वारा पिछले पांच वर्षों में कराए गए विकास कार्यों का डिजिटल व सामूहिक लोकार्पण किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लोनिवि राज्य मंत्री कुंवर ब्रिजेश सिंह पहुंचे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी, विधायक कीरत सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, पूर्व विधायक महीपाल सिंह सहित कई जनप्रति. निधि मौजूद रहे। ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुभाष चौधरी ने बताया कि उनके द्वारा नकुड़ ब्लॉक में 19 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्य कराए गए हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र का समग्र विकास है।

कुंवर ब्रिजेश सिंह ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य विकसित और सशक्त राष्ट्र का निर्माण है। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# आरोपी चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक व नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने चोरी की दो घटनाओ का खुलासा करते हुए 01आरोपी चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की गई एक बाईक तथा चोरी किया गया पकड़ा बेचकर प्राप्त किये गए 1600 रूपये नकद बरामद किये गए है।

विगत 10 जनवरी 26 को पीड़ित सावेज पुत्र जल्फान निवासी मोहल्ला हामिद हसन कस्बा व थाना चिलकाना की दुकान के बाहर से कपडो का भरा हुआ बोरा अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। वहीं विगत 28 मार्च 26 को पीड़ित मुस्लिम पुत्र अकबर निवासी सराय थाना ज्वालापुर जिला हरिद्वार की स्प्लेंडर बाइक अज्ञात चोर द्वारा कस्बा सुल्तानपुर के मोहल्ला कोठीवाला से चोरी कर ली गई थी। मुकदमा दर्ज करने पश्चात पुलिस टीम घटना के खुलासे में जुट गई थी। थाना प्रभारी सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में पुलिस टीम ने चोरी की उपरोक्त दोनो घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चौकिंग के दौरान चोरी की उपरोक्त दोनो घटनाओं में शामिल रहे आरोपी चोर शाहवेज पुत्र फुरकान निवासी ग्राम मरोडगढ थाना चिलकाना को फिरोजाबाद रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी टीम में एसआई नरेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल अनुज कुमार व कांस्टेबल दीपक कुमार शामिल रहे।

# माँ देवी बाला सुंदरी मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में बस स्टैंड के निकट माँ देवी बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण में हर वर्ष लगने वाला मेले में नगर पंचायत की ओर से लगाए गए कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया गया।



बुधवार से आरम्भ हुआ मेला माँ देवी बाला सुंदरी में नगर पंचायत की ओर से लगाये गए कैम्प कार्यालय का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्षा फूलबानो अंसारी तथा भाजपा नेता जायर हुसैन चांद मियां ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान जायर हुसैन चाँद मियां ने कहा कि नगर में लगने वाला यह प्राचीन मेला हिन्दू - मुस्लिम एकता का प्रतीक है। पंचायत अध्यक्षा फूलबानो अंसारी ने कहा कि यह मेला हमारे नगर की शान है जिसमे दूर दराज से भी लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की ओर से मेले की सफाई तथा पानी आदि की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई कमी नही आने दी जाएगी। उन्होंने सभी सम्बंधित कर्मियों को इसके लिए निर्देशित भी किया।

इस अवसर पर पंचायत सभासद अनुपम जैन, हाफिज इनाम, अध्यक्षा पुत्र दानिश अंसारी, ईसम सिंह दुबे, यूनुस कुरैशी, राजपाल सैनी, प्रकाश सैनी, मरगूब अंसारी, विनय कश्यप, मुख्य लिपिक अशोक कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रताप सैनी तथा मेले की सफाई व्यवस्था प्रभारी अमित कुमार सफाई नायक आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

**गंगोह।** श्री रामबाग सरस्वती विद्या मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के नये शैक्षिक सत्र का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन वसरस्वती वन्दन से किया गया। इस अवसर पर मार्च माह मे आये भैया बहिनों के जन्मदिन पर उनके स्वास्थय और दीर्घायु होने की कामना के लिए भी यज्ञ किया गया। सत्र के प्रथम दिवस पर विद्यालय स्टाफ द्वारा भैया बहिनों को तिलक लगाकर व फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। शैक्षिक सत्र 2026-27 के प्रथम दिवस पर विद्यालय प्रबंध समिति व आचार्य परिवार ने भैया बहिनों की दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

### कॉलेज का स्थापना दिवस मनाया

**गंगोह।** नानौता मार्ग स्थित विश्वामित्र इंटरनेशनल स्कूल व विश्वामित्र डिग्री कालेज का स्थापना दिवस मनाया गया। शुरुआत हवन यज्ञ से हुई। सचिव पूनम शर्मा ने संस्थापक विश्वामित्र भारद्वाज का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य श्याम सिंह वर्मा, प्रधानाचार्या जया कंडवाल ने भी विचार व्यक्त किये। अक्षित भारद्वाज, अक्षांश भारद्वाज व स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया

**गंगोह।** ग्राम जानपुर माजरी स्थित शिव मन्दिर में मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा हेतू जारी अनुष्ठान के छठें दिन प्रतिमाओं को ग्राम भ्रमण कराया गया। शुभारम्भ सपा के प्रदेश सचिव विजेन्द्र विश्वकर्मा धर्मध्वजापूजन उपरान्त नारियल फोड़कर किया। आचार्य अनुज शास्त्री के पुरोहित्व में प. जगपाल शर्मा, अनिल शर्मा, सचिन दीक्षित, गोविन्द व शुभम कपिल द्वारा 27 मार्च से पुजन अर्चन व अनुष्ठान कार्य यजमानों रोहित पाचाल, अर्जुन पांचाल, राकेश, सचिन, सुमित, गुंजन, अमित व गुरुदयाल पाचाल आदि द्वारा किया जारहा है। नगर भ्रमण में सुभाष पांचाल, अशोक शर्मा, सुरज मांगेनाम विश्वकर्मा, देवीसिह, संजय पांचाल सुशील सैन राजू, सैन अशोक, विजेन्ड पांचाल, कंवरपाल भगत, रणबीर, चमन भगत,तीर्थपाल, राजपाल कश्यप गुलाव, शिवकुमार, विश्वकर्मा फाऊंडेशन अध्यक्ष इंजी. राकेश पांचाल सहित बडी संख्या में महिला पुरुष रहें। दो अप्रेल को पुर्णाहुति व भण्डारे का आयोजन होगा।

### नववर्ष पर बहीखातों का पूजन

**सहारनपुर।** व्यापारिक नववर्ष 2026 -2027 के उपलक्ष में सभी व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम नारंग के नेतृत्व में बही खातों का विधिवत पूजन कर नए व्यापारी वर्ष का शुभारम्भ किया। रायवाला कपड़ा मार्केट स्थित व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय कार्यालय में हवन-यज्ञ के बाद प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम नारंग ने कहा कि आज व्यापारी समाज के लिए बहुत बड़ा दिन हैं। यह खुशी का अवसर है कि आज पूरे देश का व्यापारी इस दिन को अपने प्रतिष्ठान पर बही-खातों का पूजन कर हर्षोल्लास से मनाता है। इस दिन व्यापारी समाज अपने पुराने नववर्ष की जमा पूंजी को नए खातों में पूजन कर अंकित करता है, लिखता है और आगामी वर्ष की लेनदेन की व्यवस्था करता है। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम नारंग के नेतृत्व में व्यापारियों ने बही-खातों का पूजन किया, जो नए आरंभ और व्यवसायिक लक्ष्यों के प्रति नई ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर भावुक माहौल देखने को मिला, जहां व्यापारियों ने बीते वर्ष की चुनौतियों, मेहनत और उपलब्धियों को याद करते हुए आने वाले वर्ष में उन्नति और समृद्धि की कामना की।

# अपना रिजल्ट पाकर बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के बाल एकेडमी जूनियर हाईस्कूल चिलक. ाना ने बड़ी धूमधाम के साथ वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया। जिसमें पूरे वर्ष की परीक्षाओं के आधार पर विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विधार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य रजनीश शर्मा बेंगनी, आदित्य वशिष्ठ, अमित उपाध्याय, आजम दुमझेड़ा, नितिन सैनी दाबकी गुज्जर सहित अनेक अभिभावक गण उपस्थित रहे। प्रिंसिपल विकास जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी बच्चों को पास होने की बधाई दी। स्कूल डायरेक्टर श्रीमती नीतू जैन ने सभी टीचर्स श्रीमती अनुराधा शर्मा, शगुफ्ता खान, विभा, रीना सिंघल, आयशा, तनु, जैनब, अगस्ता, खुशी, फरहा, सोनम, अंजली मैम आदि को भी अच्छे कार्य के लिए पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन इकरा मैडम ने किया।






**गंगोह।** गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में मंगलवार को कक्षा 9 व कक्षा 11 का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। इस वर्ष भी विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बच्चों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक राकेश तायल, सुनील गर्ग, प्रधानाचार्य संजय गुप्ता व लिटिल अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। उप प्रधानाचार्य पूजा सिंह, दीपक सैनी व अध्यापक रविंद्र शर्मा ने पुष्प अर्पित किए। कक्षा 9 व कक्षा 11 के आराध्या तायल, गोविंद गिरिराज, सुमेधा, सोनाक्षी, कनिका गोयल, सांची, राजबीर, सृष्टि, केशव गर्ग, दिव्यांश तायल, अनुज, विधि, अर्पण, वासु, भूमि, सिद्धि, अमनदीप, विभा, वैष्णवी, सुखजौत आदि ने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि जो बच्चे कठिन परिश्रम करते हैं वे अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर लेते हें। कक्षा अध्यापकों ने उनके साथ सेल्फी भी ली गई, जिससे छात्रों का उत्साह बढ़ा।

स्कूल के समिति के प्रबंधक राकेश तायल ने कहा कि शिक्षा ही विकास का आधार है ओर ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे ही गांव ओर समाज का नाम रोशन करेंगे। सुनील गर्ग ने सभी छात्र-छात्राओं अपना आशीर्वाद प्रदान किया इसी प्रकार निरंतर सफलताओं के कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को उपप्रधानाचार्य व अध्यापक रविंद्र शर्मा ने सम्बोधित किया। अध्यक्ष मेघगोपाल गोयल व कोषाध्यक्ष संजय कांत गुप्ता ने फोन के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बच्चों को भविष्य में भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के सम्पूर्ण स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

गंगोह। सी.डी.के.आर. मॉडर्न इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। प्रथम, द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य ओमपाल सैनी, बबीता सैनी व सविता सैनी ने पुरस्कृत किया। माज, अनन्या, रिषभ जैनब, राची, इंशा, सुमित, पीयूष, आराधना रहे। पीयूष, शनाया, सुबान, अब्दुल समद, अलीमा, शिवांश, अरफात, अनम , हमजा, फराज, शिवान्या, श्रृष्टि, जिज्ञांश हर्षित, विधि, नमरा, नीति, अंशी, मदीहा, अवनी, नशरा, अभिनव, सिदरा, नबीश, शिवा, कृष्णा, आर्यन, अर्श अयूबी, नैतिक, राची, मायरा , आयशा, अफान, नशरा, अब्दुल समद, दीपाली, प्रीति, उमेरा, यशदीप, राधिका, रौनक, मौ. इब्रा. हिम, अफान, कार्तिक, वंदना विराट, शिफा, शोभी, इकरा, अतिका, नबिया, रिया, रोहित, सुगरा रही। सभी अध्यापकों ने बच्चों को आर्शीवाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# प्रभु हनुमान जी के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर के 36वें वार्षिकोत्सव एंव श्री बाला. जी जन्मोत्सवम महायज्ञ 2026 के उपलक्ष में राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को आयोजित राष्ट्र कल्याण श्री सुदर्शन महायज्ञ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृखला में छम-छम नाचे वीर हनुमाना भजन संघ्या का आयोजन किया गया, जिसमें संजू पागल एंड पार्टी ने बाला जी महाराज के ऐसे भजन सुनाये कि हर किसी को भक्तिरस सराबोर कर दिया। आज महिमा का गुणागान कर सभी का भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

आज राष्ट्र कल्याणार्थ मनोकामनापूर्ण अखंड श्री हनुमाचा चालीसा 100 पाठों का विषेश अनुष्ठान आंरभ किया गया। मौहल्ला चौन्ताला स्थित मन्दिर में श्री बालाजी आध्यात्मिक सत्संग मंडल साधक परिवार द्वारा प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय पंडित वासुदेव शर्मा निर्मोही की प्रेरणा स्वरूप आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत आज श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2026 का देव पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। प्रात:काल मंदिर अधिष्ठान सुरेंद्र मोहन संजू ने श्री बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया। पंडित अजय किरण भागवताचार्य के सानिध्य में देव पूजन का आयोजन किया गया। इस दौरान राश्ट्र कल्याणार्थ मनोकामनापूर्ण अखंड श्री हनुमाचा चालीसा 100 पाठों का विषेश अनुष्ठान धर्माचार्यो की सानिध्य में आंरभ किया गया जिसमें श्रद्धालु अपनी-अपनी मनोकामनाओं की अर्जी के साथ पाठ में शामिल हुये। विगम रात्रि में मंदिर परिसर में आ योजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में छम-छम नाचे वीर हनुमाना भजन संध्या का आयोजन किया गया। संध्या का शुभारंभ राकेश मितल ने किया। इस दौरान भजन गायक संजू पागल एंस पार्टी ने अपने सुरमधुर भजनों की माध्यम से श्री बालाजी की महिमा गुणगान किया। एक से बढकर एक भजनों के माध्यम से उन्होनें श्रद्वालुओं को भक्तिरस सरोबार कर दिया, देर रात तक श्रद्वालु बाबा के भजनों में झूमते रहे। इस दौरान उन्होंने श्री बाला जी महाराज के भजनों को ऐसे गुणगान कर हर किसी को श्री बाला जी महाराज की भक्तिरस से सराबोर कर झूमने को मजबूर कर दिया। देर रात तक एक से बढकर एक भजनों की धारा प्रवाह में हर कोई लीन होता चला गया और पूरा सभागार श्री बालाजी महाराज के जय कारों से गूंज उठा। इस अवसर उत्सव संचालक विनय जिंदल ने बताया कि गुरूवार को श्री बालाली महाराज का पूजन कर जन्मोत्सव पर बधाई गीत होगें तथा यज्ञ में पूर्णाहुति दी जायेगी।

# घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी का आरोप

**गंगोह।** नफीस पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया गंगोह ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि मोहल्ले के ही कुछ लोग लेनदेन को लेकर उससे रंजिश रखते हैं।

आरोप है कि सोमवार को उसकी गैरमौजूदगी में उक्त लोग लाठी डंडे लेकर गाली गलौच करते हुए उसके घर मे घुस आए। आरोपियों ने बदतमीजी करते हुए उसकी मां से कहा कि उसके पुत्र नफीस ने बागों की साझीदारी के हिसाब मे उनके साथ हेरा-फेरी की है, उसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। मां ने यह कहते हुए उनका विरोध किया कि उन्होंने ने ही उसके पुत्र के साथ धोखा किया है। इस पर आरोपियों ने उसकी मां पर हमला कर उसे घायल कर दिया। उसके भाई मो. हसिन ने आरोपियों से मां को बचाने का प्रयास किया तो उन्होंने उस पर भी जानलेवा हमला कर दिया। हमले में उसकी मां और भाई दोनों घायल हो गए। यही नही आरोपियों ने उसके भाई का गला घोंटकर उसे जाने से मारने का प्रयास भी किया। मोहल्ले वालों ने किसी तरह उन्हें आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकियां भी देकर गये हैं।

# शिक्षा के प्रति सरकार पूरी तरह सजगः निम

## विधायक देवेंद्र निम ने शैक्षिक सत्र के स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ, रैली को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए जनपद में स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने निशुल्क पाठय पुस्तक वितरण के साथ रैली को हरी झंडी दिखाकर किया।

आज विकास भवन सभागार में विधायक देवेंद्र निम ने जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद पाठक एवं सहायक शिक्षा निदेशक कुमारी कोमल के साथ प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर की छात्रा पीहू तथा प्राथमिक विद्यालय कमेला कॉलोनी की छात्रा मरियम का सांकेतिक नामांकन कर स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ सत्र के प्रथम दिवस किया गया तथा प्रवेशित बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का सेट स्टेशनरी सहित भेंट किए गए। उन्होनें



उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की विस्तार से व्याख्या करते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में शिक्षा के प्रति विशेष रूप से सजग है तथा सत्र के पहले ही दिन छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों के निशुल्क रूप से सेट वितरित किया जाना इसका प्रमाण है, छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ को मिलकर सरकार के

**■ बीएसए ने किया अधिक से अधिक संख्या में नामांकन का आह्वान**

इस मिशन को पूर्ण करना होगा। उन्होंने शैक्षिक सत्र 2025-26 में नामांकन में वृद्धि करने वाले सर्वश्रेष्ठ 5 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए मुख्य अतिथि द्वारा राकेश पंवार, स्वतंत्र चौधरी, अनुज कुमार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में रविंद्र पवार, कृपाल मालिक, विकास सैनी, फहीम, मरियम, वैभव चौहान, सुरेश त्यागी, विजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, सहदेव सिंह, संजय कौशल, नीलम तोमर, प्रीति पाल, गोपाल शर्मा, विशु चौहान आदि रहे मंच का सफल संच. ालन प्रवीण कुमार द्वारा किया गया।

# अखिलेश के समक्ष सपा में शामिल हुए अर्जुन पंडित, नागेंद्र व प्रवीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन पंडित ने अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल होने की घोषणा की।

अर्जुन पंडित ने लखनऊ में सपा कार्यालय पर देहात विधायक आशु मलिक व बेहट विधायक उमर अली खान की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष यह घोषणा की। उनके साथ नागेंद्र राणा और परवीन सैनी ने पार्टी छोड़ समा. जवादी पार्टी का दामन थामा है। अखिलेश यादव ने तीनों युवा नेताओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। अर्जुन पंडित, नागेंद्र राणा व प्रवीन सैनी ने अखिलेश यादव, विधायक आशु मलिक व उमर अली खान का आभार जताया।

बता दे कि अर्जुन पंडित पहले समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के



**■ देहात विधायक आशु मलिक व बेहट विधायक उमर अली खान ने पार्टी में कराया शामिल, जताया आभार**

जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। बाद में वह भाजपा में शामिल हो गये थे। एक बार फिर अर्जुन पंडित ने सपा में शामिल होते हुए कहा कि कहा कि समानता, न्याय और विकास के मार्ग पर चलने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया है।

# विपिन जैन के पत्राचार से कम हो गई सरसावा टोल प्लाजा की दरें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सडक परिवहन मंत्री को लिखे गये पत्र के नौ महीनें बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नें पंचकूला-रुड़की राजमार्ग के सरसावा टोल प्लाजा की दरों को आज रात से संशोधित करते हुये टोल की दरों को कम किया है।



दरअसल फरवरी 2026 में सामाजिक कार्यकर्ता विपिन जैन नें सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखते हुए कहा था कि जहाँ सरकार का विजन है कि नीतिगत फैसले एक सिंगल क्लिक पर पूरे देश में लागू होने चाहिए। 1 जुलाई 2025 को अधिसूचना जीएसआर 437(ई) जारी की गई थी, ताकि बड़े पुलों (जैसे सरसावा का यमुना पुल) पर राजमार्ग का उपभोग करने वालों पर टोल का बोझ कम हो सके। अधिसूचना जारी होने के 8 महीने बाद भी सरसावा टोल पर इसे लागू नहीं किया गया है। डिजिटल गवर्नेंस के इस दौर में, जहाँ फास्टटैग के माध्यम से पलक झपकते ही पैसे कट जाते हैं, वहां एक सरकारी आदेश को सॉफ्टवेयर में अपडेट करने में 8 महीने लग जाना अपने आप में विस्मयपूर्ण व विभागीय स्तर पर लापरवाही है। निजी टोल एजेंसी आज दिनांक तक भी पुरानी और ऊंची दरों पर वसूली कर रही है। अधिसूचना जारी होने के बाद से पिछले 8 महीनों में लाखों यात्रियों से करोड़ों रुपये की अतिरिक्त राशि वसूली जा चुकी है।

देर रात सरसावा टोल पर टोल की दरों को जीएसआर 437(ई) के अनुरूप संशोधित करते हुए कम कर दिया गया। इस विषय में विपिन जैन का कहना है कि सरसावा टोल प्लाजा पर इस 8 महीने की देरी के लिए जिम्मेदार एनएचएआई अधिकारियों और टोल एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए। चूंकि हर ट्रांजेक्शन डिजिटल है इसलिए 1 जुलाई 2025 से अब तक सरसावा टोल प्लाजा पर वसूली गई अतिरिक्त धनराशी को यात्रियों के फास्टैग खातों में स्वचालित रूप से रिफंड किया जाए।

# सिरफिरा बुलेट चालक हत्थे चढ़ा

**नकुड़।** कस्बे के मोहल्ला बंजारान में बुलेट बाइक की कानफोडू आवाज से लोगों का जीना मुहाल करने वाले युवक को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि युवक पटाखों जैसी तेज आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत फैला रहा था और उसकी हरकतों से स्थानीय लोग काफी परेशान थे। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया। नगर वासियों की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने विश्वकर्मा चौक पर चेकिंग के दौरान आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान उजैर निवासी मोहल्ला बंजारान के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक युवक तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए हंगामा करता था और रोकने पर भी नहीं मान रहा था।

# लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करें विभागः डा.अजय

## अप्रैल माह में चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अप्रैल माह में चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने उदघाटन कर जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

टी.बी. सेनेटोरियम एसबीडी परिसर में मेयर डा.अजय कुमार सिंह द्वारा सभी विभागों से अपेक्षा की गयी कि लक्ष्य के सापेक्ष कार्य करे। उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि वैक्टर जनित रोग की रोकथाम हेतु पूर्व में चयनित हाई रिस्क क्षेत्रों में रोस्टर बनाकर कार्य किया जाये। उन्होंने मलेरिया, कुष्ठ, टीबी,नगर निगम जैसे विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि अभियान में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही दस्तक अभियान के अर्न्तगत फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा बुखार के रोगियों की सूची, आईएलआई रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहां घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो आदि की सूची ई-कवच पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय पर उपलब्ध कराई जायेगी। इन सभी में निरोधात्मक उपचारात्मक कार्यवाही कराई जायेगी। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमति शिवांका गौड ने कहा कि कि शासन के निर्देशानुसार दस्तक अभियान में संचारी रोगों रोकथाम एवं नियंत्रण गति. विधियों अभियान के अर्न्तगत आशाओं द्वारा घर-घर जाकर जागरूक करेगी।

अभियान में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.रवि प्रकाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.प्रवीन शाह, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.सुबोध कुमार, एसीएमओ डा.कपिल देव, डीटीओ डा. सर्वेश कुमार, एसएमआई मनोज कौशिक, धमेंद्र पाल सिंह, गौरव वर्मा, श्रीमती शिवानी, श्रीमती अंजू, एम पी सिंह चावला आदि मौजूद रहे।

# बेमियादी धरना, दफ्तर से गायब हुआ स्टाफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** गांवों में जल जीवन मिशन के अंर्तगत ओवरहड टैंक बनाने का कार्य करने वाली जीए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर सयाना इंफ्रास्ट्रक्चर के ऑनर ने काम कराने के बावजूद डेढ करोड रुपये का भुगतान न करने का आरोप लगाया है। कार्रवाई न होती देख ऑनर ने ग्रामीणों के साथ कंपनी के कार्यालय के बाहर बेमियाद धरना शुरू कर दिया है। आज दूसरे दिन धरने को देखते हुए कंपनी के कर्मचारी वहां से गायब हो गये।

सनाया इंफ्रास्ट्रक्चर के ऑनर हेमंत सहगल ने बताया कि वह पिछले कई वर्षो से जीए इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंधित होकर सरकारी निर्माण कार्य आदि करते आ रहे है। जिसमें कंपनी द्वारा




करीब डेढ करोड रुपये का भुगतान नहीं किया। इस संबंध में कंपनी को बिल, विवरण आदि सौंपकर पत्राचार भी किया जा चुका है। बकाया देने के संबंध में कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। हेमंत का कहना है कि कंपनी के इस बर्ताव के कारण उसकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब हो गई है और उसका परिवार भूखों मरने के कगार पर है। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई न होते देख उन्होंने कंपनी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। जिसके चलते आज कार्यालय से कर्मचारी भी ताला डालकर गायब हो गये। धरने को पीपल्स यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित कुमार व मूल निवासी संघ के राज्य प्रभारी अनुज गौतम ने अपना समर्थन दिया।

धरने पर हेमंत सहगल के अलावा उसकी पत्नी डिम्पल सहगल, बच्चे अभिनव, सनाया व अनाया के साथ ग्राम प्रधान कपासी अरूण सहगल, सुमित कुमार, नेपाल सहगल, अलंकार, पदम सिंह, आशीष, मामराज सिंह, मानसिंह, प्रकाशचंद, राजूकुमार व अजमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

# स्टेडियम में डीएम मनीष के कर कमलों से तरणताल का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डॉ भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आज जिलाधिकारी मनीष बंसल ने तरणताल का शुभारंभ किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सभी खिलाड़ियों से कहा कि वह कठिन परिश्रम कर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर नाम रोशन करें। तरणताल समय से शुरू होने से जनपद के तराक लाभान्वित होंगे इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा, उप क्रीड़ा अधिकारी अश्वनी कुमार त्यागी, सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार, डॉ अयाज खान, बृजेश कुमार, अश्विनी कुमार श्रीवास्तव, रविकांत धीमान, लाल धर्मेंद्र प्रताप,



पुनीत कुमार आर्य,रुपेश कुमार, आद. ेश कुमार, जयेंन्द्र कुमार, सनी कुमार, भावना तोमर, सुप्रिया रानी आदि उपस्थित रहे।

# छोटे भाई की पत्नी पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** जमीन के बंटवारे को लेकर अपने छोटे भाई की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला प्रकाश मे आया है।

गांव गुडम्ब निवासी डिम्पल पुत्र ऋषिपाल के भाई ने डिम्पल की पत्नी पूजा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर इक्कठा हो गये। सूचना पर मौके पर पहुचे महिला के पति डिम्पल घायल पूजा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुचे। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़िता पूजा को गंभीर हालत मे चिकित्सको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष नवीन कुमार सैनी ने बताया कि गांव गुडम्ब मे पारिवारिक जमीन के बटवारे को लेकर आरोपी ने अपने भाई की पत्नि को घायल कर दिया।

# बीएचएस इंटर कॉलेज का परिचारक निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बी एच एस इंटर कालेज प्रशासन ने परिचारक देवेंद्र कुमार वशिष्ठ पर टीजीटी परीक्षा के संचालन के दौरान अपने प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी के साथ दुर्व्यवहार एवं अमर्यादित शब्दों के प्रयोग का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि देवेंद्र कुमार वशिष्ठ की सर्विस बुक में पांच से ज्यादा गलत आचरण, अनुशासन न होना तथा पूर्व में भी अभद्र व्यवहार की प्रतिकूल प्रविष्टि है। देवेंद्र कुमार द्वारा कालेज में आयोजित टीजीटी परीक्षा के दौरान वरिष्ठ लिपिक से हाथापाई भी की गई थी। जिसमें विभागीय कार्यवाही चल रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने या उससे ध्यान भटकाने के लिये एक झूठा केस न्यायालय में कर दिया था और पुलिस चौकी पर भी प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कालेज प्रधानाचार्य व वरिष्ठ लिपिक को आरोपी बनाया गया था। न्यायालय द्वारा इस वाद को खारिज कर दिया गया था।

प्रधानाचार्य ने बताया कि कालेज में अनुशासन बनाये रखने हेतु विद्यालय प्रशासन ने नियमों के तहत देवेंद्र कुमार वशिष्ठ को तत्काल प्रभाव से परिचारक के पद से निलंबित कर दिया है।

# एल्पाइन स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एल्पाइन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

विद्यालय के डायरेक्टर असद अहमद ने कहा कि परिणाम केवल अंक नहीं होते, बल्कि यह विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयासों का प्रतिबिंब होते हैं। कक्षा-वार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेधावी छात्रों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से झलक रहा था। इसके अतिरिक्त, नियमित उपस्थिति बनाए रखने वाले विद्यार्थियों को बेस्ट



एटेनडेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई और उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने, सकारात्मक सोच रखने एवं कठिनाइयों का सामना दृढ़ता के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शकील अहमद, प्रबंधक असमा परवीन, समन्वयक सरवत जमाल उपस्थित रहे, तथा कार्यक्रम का संच. ालन अनम फातिमा और नेहा अरोड़ा द्वारा किया गया।

# अवैध हथियारों के साथ पुलिस ने पकड़े तीन युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने अपराध रोकथाम अभियान के तहत तीन युवकों को नाजायज हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया है पुलिस की टीम ने फ्लाईओवर रजपुरा रोड के सामने आम के बाग से युवकों को गिरफ्तार किया। उनके पास से अवैध हथियार बरामद हुए है।

गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्त अलावलपुर रोड, आजाद कॉलोनी, कस्बा छुटमलपुर थाना फतेहपुर के निवासी हैं इनकी पहचान तालिब पुत्र कलीम साजिद पुत्र नसीर और निजाम पुत्र इस्लाम के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक मशकूर अली, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह और हेड कांस्टेबल रोहित कुमार की टीम ने यह सफल कार्रवाई की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे तीनों आपस में दोस्त हैं और पब्लिक में रौब जमाने के लिए हथियार रखते थे उन्होंने अपनी गलती मानते हुए माफी भी मांगी।

पुलिस ने इस मामले में थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 124/26 धारा 3/4/25 ए एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद अदालत में पेश किया जा रहा है। अभियुक्त साजिद का पहले भी थाना फतेहपुर में मुकदमा संख्या 548/20 धारा 13 जी एक्ट दर्ज है, जबकि तालिब और निजाम पर यह पहला मामला है

# 15 तक फिटनेस जांच अनिवार्यः बंसल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूली वाहनों की सुरक्षा और प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूली वाहनों के लिए विक. सित नए पोर्टल की जानकारी साझा की गई और सभी स्कूलों को इस पर तत्काल डेटा अपलोड करने के निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य अपने आवंटित आईडी के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर स्कूल में संचा. लित सभी वाहनों का पूरा विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करें, ताकि पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने 15 अप्रैल तक चलने वाले विशेष फिटनेस जांच अभियान की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इस अवधि में सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच पूरी कर ली जाए। बिना वैध फिटनेस प्रमाण-पत्र और निर्धारित सुरक्षा मानकों के कोई भी वाहन सड़क पर संचालित नहीं होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों के भीतर प्रत्येक विद्यालय में स्कूली वाहन सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि नए पोर्टल पर डेटा फीडिंग और फिटनेस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद पाठक एवं एआरटीओ प्रवर्तन एम.पी. सिंह ने पोर्टल के तकनीकी पहलुओं और प्रवर्तन कार्रवाई की जानकारी दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित महाजन, स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक निधि से बनने वाली सड़कों का शिलांयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने विधायक विकास निधि से बनने वाली सड़को का शिलान्यास किया।

आज महानगर के वार्ड नंबर 3 ओजपुरा में मधुबन बिहार में रूपचंद की दुकान से सूरजभान के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 21 ब्रह्मपुरी कॉलोनी में माधवराम के मकान से राजपाल सिंह के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, वार्ड नंबर 21 पानी की टंकी के पास रमेश बारदाने की दुकान से अनिल सरिया वाले की दुकान तक सीसी रोड नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है सहारनपुर महानगर भी उसी विकास का साक्षी बन रहा है। विधायक विकास निधि से नगर के प्रत्येक क्षेत्र में सड़कों व नालियों का निर्माण कराया जा रहा है तो वही अन्य माध्यमो से जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि महानगर निवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखते



हुए विभिन्न प्रकार के विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिनसे सभी के जीवनस्तर में सुधार आया है और विकास की ये गंगा अनवरत बहने वाली है।

इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पार्षद राजू ओजपुरा, पार्षद राजकुमार शर्मा, पार्षद धनप्रकाश कश्यप, पार्षद कपिल धीमान, पूर्व पार्षद अजय शर्मा, प्रीतम सिंह, विपिन शर्मा, दीपक सैनी एडवोकेट, सुभाष गुर्जर, आदित्य भारद्वाज, दीपक शर्मा, अक्षय वत्स, पवन गांधी, रविंद्र शर्मा, गौरव शर्मा आदि समेत क्षेत्र के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# दो मोबाइल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** अज्ञात चोर एक दुकान से दो मोबाईल फोन चोरी करके फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

चिलकाना क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा निवासी आमिर पुत्र युनुस ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि क्षेत्र के सायफन की पुलिया पर उसकी दुकान है, उसने बताया कि जिस समय वह नमाज पढ़ने के लिए गया हुआ था। तभी अज्ञात चोर द्वारा उसकी दुकान से उसका सैमसंग ए 15 मोबाइल चोरी कर लिया गया। जिसकी रिपोर्ट उसने थाना पर लिखवाई।पीड़ित का कहना है कि थाना से जाने के बाद उसने वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे की एक विडियो में देखा कि एक अज्ञात युवक उसकी दुकान से दो मोबाइल फोन चोरी करके फरार हो गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते जांच शुरू कर दी है।

